ऑनलाइन बिक्री से मिलेगा बल

कालीन उद्योग

- कालीन भवन में आयोजित कार्यशाला में बोले अधिकारी
- उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग ने आयोजित की कार्यशाला

कालीन भवन में आयोजित कार्यशाला में विचार व्यक्त करते अतिथि व मंचासीन गणमान्य

जागरण संवाददाता, भदोही : कार्यालय उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग व उद्यम प्रोत्साहन केंद्र के तत्वावधान में मर्यादपट्टी स्थित कालीन भवन में बुधवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। कालीन उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों के उद्यमियों को प्रशिक्षित किया गया। डिजाइनिंग, भौगोलिक संकेतक, ऑनलाइन क्रय-विक्रय सहित विदेश व्यापार से जुड़े बिंदुओं के बारे में जानकारी दी गई। ऑनलाइन बिक्री के लाभ गिनाते हुए उत्पाद बेचने पर बल दिया गया।

अमेजन इ-कामर्स से आए अतिथियों वामसी पोथाला व अरुण कौल ने कहा कि पूरी दुनिया में ऑनलाइन बिक्री को लेकर लोग उत्साहित हैं तथा इसका सकारात्मक लाभ देखने को मिल रहा है। देश में भी ऑनलाइन क्रय-विक्रय का चलन तेजी से बढ़ा है। ऐसे में कालीन व हस्तकला के क्षेत्र से जुडे व्यवसायियों को भी ऑनलाइन व्यवस्था का लाभ उठाना चाहिए।

इसी तरह डिजाइनिंग विशेषज्ञ एनआइएफटीएस के संयुक्त निदेशक एसके झा ने बताया कि हस्तकला उद्योग में डिजाइनिंग की व्यापक भूमिका है। बताया कि उसे आपका डिजाईन कहीं और नहीं मिलेगा। पद्मश्री व जीआइ विशेषज्ञ डा.रजनीकांत ने बताया कि भदोही के कालीनों को जीआई टैग हासिल होना इस क्षेत्र के लिए महत्व की बात है। एक प्रकार से यहां के कालीनों को पूरे विश्व में मान्यता मिली है। महानिदेशक विदेश व्यापार कार्यालय से आए उप निदेशक अमित कुमार ने आयात-निर्यात नीति पर विस्तृत चर्चा की। अतिथियों का स्वागत एकमाध्यक्ष ओंकारनाथ मिश्र व पूर्व अध्यक्ष रवि पाटोदिया ने किया। कालीन निर्यात संवर्धन परिषद (सीईपीसी) के प्रथम उपाध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह, एकमा के मानद सचिव हाजी शाहिद हुसैन, उपाध्यक्ष अब्दुल हादी, पियूष बरनवाल, एचएन मौर्य, जेपी गुप्ता ने भी विचार रखे। उपायुक्त उद्योग हरेन्द प्रताप ने आभार प्रकट किया।

पंजीकृत जीआइ निर्यातक सम्मानित- कार्यशाला के दौरान जीआइ लोगो उपयोग करने वाले पंजीकृत निर्यातकों अपर जिलाधिकारी रामसिंह वर्मा ने प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। टेक्सटिको के इम्तियाज़ अंसारी, अंजनी कारपेट के पियूष बरनवाल, आरएमसी के अब्दुल रब अंसारी, राजपूत कारपेट के सिद्धनाथ सिंह को प्रमाणपत्र दिया।

घोसियां में आयकर कैंप कल – भदोही : करदाताओं को आवश्यक जानकारी प्रदान करने के लिए आयकर विभाग आगामी 15 फरवरी को दोपहर दो बजे से घोसियां स्थित ग्रेंडमेरीज लान में कैंप का आयोजन करेगा। आयकर अधिकारी बृजकिशोर दुबे ने उक्त कैंप में आयकर दाताओं, सलाहकारों से भागीदारी का आह्वान करते हुए कहा कि आयकर से संबंधित आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के साथ साथ समस्याओं व शिकायतों का संज्ञान लिया जाएगा।